city भास्कर
BHOPAL WEDNESDAY, 01/05/2019

जेईई मेन्स-2 के परीक्षा परिणाम जारी, AIR-212 के साथ नीरज चंदनानी शहर में अव्वल, गौरव जैन दूसरे नंबर पर

1000 तक रैंक पाने वालों को सभी एनआईटीज़ में दाखिला मिल जाएगा और उनकी मनपसंद ब्रांच भी

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार देर रात को जेईई मेन्स-2 परीक्षा के परिणाम घोषित किए। इस परीक्षा में देशभर से जहां 9.35 लाख छात्र बैठे, वहीं भोपाल से करीब 12 हजार बच्चे बैठे। एडवांस में देशभर से ढाई लाख बच्चे बैठेंगे। मेन्स-2 में भोपाल के नीरज चंदनानी ने ऑल इंडिया रैंक 212 हासिल किया है। यह भोपाल में सबसे बेहतर रैंक है। दूसरे स्थान पर 213 एआईआर के साथ गौरव जैन हैं। नीरज टेको और विजन इन्फिनिटी के स्टूडेंट रहे हैं।

यह हैं शहर के अंदर 1000 रैंक होल्डर्स (जनरल कैटेगरी)

नीरज चंदनानी	212 रैंक
गौरव जैन	213 रैंक
शुभ्रज्योति	285 रैंक
सारांश अग्रवाल	359 रैंक
आदर्श गुप्ता	498 रैंक
अभिलाष दत्ता	605 रैंक
उत्कर्ष जैन	618 रैंक
ट्यूलिप पांडेय	627 रैंक
राहुल परमार	735 रैंक
आर्यन गुरुदेव	831 रैंक
सुमित जैन	982 रैंक

मितेश राठी क्लासेस के स्टूडेंट्स ने जेईई मेन्स की सफलता को कुछ इस तरह सेलिब्रेट किया।

अलग-अलग शिफ्टों में परीक्षा आयोजित करने के कारण एनटीए ने सभी स्लॉट के स्टूडेंट्स का स्कोर नॉर्मलाइज करके परसेंटाइल और जेईई रैंक जारी की। ऐसे में जिन बच्चों ने सरल स्लॉट में अच्छा स्कोर किया और जिन बच्चों ने कठिन स्लॉट में लगभग उतना ही स्कोर किया, उनकी रैंक में काफी अंतर नजर आएगा। यही वजह है कि अच्छी परसेंटाइल स्कोर करके भी कई बच्चों की रैंक काफी पीछे है और कम परसेंटाइल के साथ भी कुछ बच्चों की रैंक अंडर 1000 पहुंच गई है। - मितेश राठी, एक्सपर्ट